web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 21 मार्च 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 171

# आखिर फांसी के फंदे पर लटकाए गये निर्भया के चारों गुनाहगार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सवा सात पहले दिल्ली की सड़कों पर निर्भया के साथ दरिंदगी करने वाले चारों दोषियों विनय, अक्षय, मुकेश और पवन गुप्ता को दिल्ली की तिहाड़ जेल में आज यानी शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे एक साथ फांसी के फंदे पर लटकाया गया और अब इनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल ले जाया गया है।

फांसी के आधे घंटे बाद चारों की मौत की पुष्टि की गई और 6 बजकर 20 मिनट पर शवों को फंदे से उतारा गया। दूसरी तरफ निर्भया के माता-पिता ने कहा कि अंततः हमारी बेटी को इंसाफ मिला। उन्होंने न्यायपालिका, सरकार और राष्ट्रपति को धन्यवाद किया। जेल सूत्रों के मुताबिक, निर्भया के गुनहगारों ने गुरुवार की रात बेचौनी में गुजारी और उन्हें रातभर नींद नहीं आई। फांसी देने से पहले तिहाड़ जेल के अधिकारी तड़के चार बजे के करीब चारों की सेल में पहुंचे और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद इनसे नहाने व कपड़े बदलने के लिए कहा। दोषी विनय ने कपड़े बदलने से इनकार कर दिया और रोते हुए माफी मांगने लगा। सेल से बाहर लाने से पहले इन चारों को सफेद कुर्ता-पजामा पहनाया गया। इसके बाद दोषियों को जेल प्रशासन की ओर से चाय-नाश्ता के लिए पूछा गया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। जेल प्रशासन की ओर से दोषियों से उनकी आखिरी इच्छा पूछी गई। फांसी देने से पहले चारों के हाथ पीछे की ओर करके जब बांधे जा रहे थे तो दो दोषी इसके लिए तैयार नहीं हो रहे थे, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। फांसी के लिए जब इनको लेकर आया जा रहा था तो एक दोषी जमीन पर लेट गया और काफी मशक्कत के बाद उसे आगे लेकर जाया गया। इसके बाद चारों के चेहरे काले कपड़े से ढक दिए गए और गले में रस्सी बांधी गई। इनके दोनों पैर भी बांध दिए गए थे ताकि फांसी देते वक्त इनके दोनों पैर अलग-अलग ना हिले। ठीक साढ़े पांच बजे जेल सुपरिटेंडेंट का इशारा मिलते ही पवन जल्लाद ने लीवर खींच दिया। दोषियों को फांसी दिए जाने के दौरान तिहाड़ जेल के बाहर भीड़ जुटी रही। कुछ लोगों के हाथों में तिरंगा था। चारों को फांसी दिए जाने के बाद निर्भया के माता-पिता ने कहा कि इंसाफ के लिए सात साल का लंबा हमारा इंतजार खत्म हुआ। निर्भया की मां आशा देवी ने कहा कि आज मेरी बेटी को शांति मिली होगी। आशा देवी ने कहा कि निर्भया को इंसाफ मिलने भर से उनकी लड़ाई खत्म नहीं होगी, वह देश की दूसरी बेटियों को इंसाफ दिलाने के लिए संघर्ष करती रहेंगी।

फांसी दिए जाने से एक दिन पहले निर्भया के गुनहगारों के वकील ने भी इन्हें बचाने के तमाम हथकंडे अपनाए, पर काम न आए। वकील एपी सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट में डेथ वारंट को टालने के लिए याचिका दायर की गई, लेकिन गुरुवार रात साढ़े बारह बजे के करीब दोषियों के खिलाफ फैसला आया। इसके बाद एपी सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया पर वहां भी निर्भया के दोषी कुछ ऐसी दलील नहीं दे सके, जिसकी वजह से फांसी टले। शुक्रवार तड़के करीब 3.30 बजे सुप्रीम कोर्टच ने भी इस याचिका को खारिज कर दिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरोना वायरस के तीन नये मामले मिले
» महाराष्ट्र में अब तक 52 मरीज

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के तीन नये मामले सामने आए हैं. शुक्रवार को नये मामले आने के बाद राज्य में प्रभावितों की कुल संख्या 52 हो गई है. वहीं देश भर में 198 मामले हो गये हैं. इससे पहले अकेले मुंबई में गुरूवार को कोरोना वायरस संक्रमण के दो नए मामले सामने आने के बाद मुंबई महानगर क्षेत्र(एमएमआर) में कुल संक्रमित लोगों की संख्या 18 पहुंच गई। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. बीएमसी की स्वास्थ्य सेवाओं की उपनिदेशक दीक्षा शाह ने बताया कि गुरूवार को मुंबई में टी-वार्ड की 22 वर्षीय महिला और ठाणे जिले के उल्हासनगर की निवासी 47 वर्षीय महिला में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### कोरोना के कारण 31 मार्च तक घरों में ही रहेंगे नागरिक
**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना सरकार ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकोप के मद्देनजर देश के सभी नागरिकों को 31 मार्च तक अनिवार्य तौर पर अपने-अपने घरों के भीतर और सामाजिक अलगाव में रहने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने शुक्रवार सुबह कहा कि देश के नागरिकों को आधी रात से, सभी को निवारक और अनिवार्य रूप से सामाजिक अलगाव में रहना होगा। कोई भी घर से बाहर नहीं निकलेगा। यह उपाय 31 मार्च तक लागू रहेगा। श्री फर्नांडीज ने कहा कि अर्जेंटीना के नागरिकों को दुकानों और फार्मेसियों में जाने की अनुमति दी जाएगी लेकिन जो कोई भी बाहर पाया जाएगा, उससे घर से निकलने का कारण पूछा जायेगा। अर्जेंटीना में कोरोना के 97 मामले सामने आये हैं और तीन लोगों की मौत हो गयी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 11 मार्च को कोविड-19 के प्रकोप को महामारी घोषित कर दिया। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार 243,000 से अधिक लोग दुनिया भर में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं जिनमें से 9,800 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है।


### टेक्सटाइल कच्चे माल के निर्यात पर प्रतिबंध
**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वेंटिलेटर, सर्जिकल/डिस्पोजेबल मास्क (2/3 प्लाई) और मास्क एवं कवरऑल के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले टेक्सटाइल कच्चे माल का निर्यात तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी एक अधिसूचना (संख्या 52/2015-2020) में कहा गया है कि इस संबंध में निर्यात नीति में संशोधन किए गए हैं। अधिसूचना संख्या 48, दिनांक 25.2.2020, में सर्जिकल/डिस्पोजेबल (2/3 प्लाई) मास्क को छोड़ जिन अन्य सभी वस्तुओं की अनुमति दी गई है उनका निर्यात आगे भी किया जा सकेगा।

### राजस्थान में इटली के संक्रमित व्यक्ति की मौत
» कोरोना से मृतकों का आकंड़ा 5 पहुंचा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के चलते भारत में पांचवीं मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इटली के एक शख्स ने राजस्थान के जयपुर में दम तोड़ा है। राजस्थान में कोरोना वायरस से संक्रमित आज पहली मौत हुई है। संक्रमित व्यक्ति इटली का रहने वाला था जिसे सवाई मानसिंह अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया था। बता दें कि अब तक दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मौत का मामला सामने आ चुका है।

देश में अब तक कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 200 से ज्यादा हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार सुबह बताया था कि देश में कोरोना के 195 मामलों की पुष्टि हो चुकी है जिनमें से 163 मरीज भारतीय हैं जबकि 32 विदेशी नागरिक हैं।

# कोरोना का भारत की रक्षा खरीद पर कोई प्रभाव नहीं
» जल्द ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में होगा सुधाररू राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की हालत दुनिया के अन्य देशों पर प्रभाव डालेगी, लेकिन उन्होंने भारत की रक्षा खरीद पर इसके प्रभाव को खारिज कर दिया।

रक्षा खरीद प्रक्रिया के प्रारूप, 2020 के शुभारंभ पर बोलते हुए, सिंह ने कहा कि अगले दो-पांच महीनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है। जब रक्षा मंत्री से पूछा गया कि क्या वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति और कोरोना वायरस महामारी का भारत की रक्षा खरीद पर कोई प्रभाव पड़ेगा, तो उन्होंने जवाब दिया कि निश्चित रूप से सभी देशों पर वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति का प्रभाव पड़ेगा। लेकिन मुझे लगता है कि भारत की रक्षा खरीद पर वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति का शायद ही कोई प्रभाव होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम इस संभावना से इंकार नहीं कर सकते हैं कि अगले दो से पांच महीनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।

### दोनों सदनों का बदला समय
» सोमवार को अपराह्न दो बजे से होगी संसद की बैठक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस 'कोविड-19' के प्रकोप के कारण यातायात के साधनों में आयी कमी के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों की बैठक सोमवार 23 मार्च को सुबह 11 बजे की बजाय अपराह्न दो बजे से शुरू होगी। राज्यसभा में सभापति एम. वेंकैया नायडू और लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। नायडू ने कहा कि उड़ानों में कमी के मद्देनजर सोमवार की बैठक के समय में बदलाव किया गया है। लोकसभा में बिरला ने कहा कि कई सांसदों ने गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में कहा था कि विमान सेवा कंपनियों ने कोविड-19 के कारण उड़ानों के समय में बदलाव किया है। इसकी वजह से वे सोमवार को सुबह 11 बजे सदन में आने में असमर्थ हैं। उन्होंने इसके मद्देनजर सदन की कार्यवाही देर से शुरू करने का अनुरोध किया था।

# विहिप नेता के खिलाफ एफआईआर के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय से विश्व हिंदू परिषद के नेता आलोक कुमार को राहत मिली है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले पर फिलहाल 12 मई तक रोक लगा दी है।**


पिछले साल एक रैली में कथित तौर पर आलोक कुमार ने नफरत फैलाने वाला भाषण दिया था। जिस पर निचली अदालत ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे।



न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने निचली अदालत के 18 फरवरी के आदेश पर 12 मई तक रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को 12 मई को अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। निचली अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर की शिकायत पर यह आदेश दिया था। हर्ष मंदर ने आलोक कुमार पर आरोप लगाया गया था कि कुमार ने जुलाई में विश्व हिंदू परिषद की एक रैली के दौरान नफरत भरा भाषण दिया था।

### » केरल हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक
उच्चतम न्यायालय ने कोरोना वायरस के कारण अधिकारियों को छह अप्रैल तक जीएसटी, कर और बैंक का बकाया न वसूलने के लिए कहने वाले केरल उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है।

# कोरोना वायरस पर दोनों सदनों ने दिखाई एकजुटता



» संसद में पारित किया पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संदेश का संकल्प

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए लोकसभा और राज्यसभा में एक प्रस्ताव पारित कर सभी दलों के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित उपायों के साथ एकजुटता दिखाई गई और इस संकट पर विजय पाने का संकल्प पारित किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल देश की जनता से संवाद कर कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच डर के बजाय सावधानी बरतने की अपील की और लोकसभा प्रधानमंत्री के संकल्प और आह्वान के साथ है। अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया कोरोना के संकट से जूझ रही है और ऐसे में भारत भी हर संभव प्रयास इससे निपटने के लिए कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से संवाद कर इस माहौल में डर के बजाय सावधानी बरतने की अपील की। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस प्रतिकूल स्थिति में कई उपाय, कार्यक्रम बताए हैं और जनता कर्फ्यू लगाने का आह्वान जनता से किया है। यह सदन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के साथ है। सभी दलों की इसमें सहमति है। हमारे लोकतंत्र की यह खूबी है कि संकट के समय हम सभी साथ होते हैं।

लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन ने इस संकट की घड़ी में सरकार का साथ देने के लिए विपक्ष की ओर से संकल्प दोहराया। उधर राज्यसभा में भी कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए मोदी द्वारा घोषित उपायों के साथ एकजुटता दिखाई गई

## लोकसभा में उठी बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग
**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा के कुछ सदस्यों ने शुक्रवार को लोकसभा में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिए जाने की केंद्र सरकार से मांग की। भाजपा के रामकृपाल यादव ने शून्यकाल में यह मामला उठाते हुए कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बिहार में किसान बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों का बहुत भारी नुकसान हुआ है। उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है । मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि वह नुकसान के आकलन के लिए एक टीम बिहार भेजे और किसानों को मुआवजा दिया जाए।श् भाजपा की ही भारती पवार ने केंद्र से अपील की कि वह महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दे कि किसानों के लिए बिजली के बिल जमा कराने की समय सीमा बढ़ाए क्योंकि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के साथ ही किसान कोरोना वायरस से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार को वित्त विधेयक पर चर्चा एवं उसे पारित कराने के लिए लोकसभा में लाने की तिथि बतानी चाहिए। प्रेमचंद्रन ने कहा कि सदन में सभी अनुदानों की पूरक मांगें पारित हो चुकी हैं, लेकिन वित्त विधेयक को अब तक नहीं लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए महत्वपूर्ण विधेयक है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे टाला जा रहा है। प्रेमचंद्रन ने कहा, श्कृपया तारीख बताइए।

# प्रधानमंत्री ने निर्भया के दोषियों की फांसी को बताया न्याय की जीत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्भया सामूहिक बलात्कार एवं हत्याकांड के दोषियों को शुक्रवार तड़के फांसी पर लटकाए जाने को न्याय की जीत करार दिया और कई अन्य मंत्रियों एवं महिला अधिकार समूहों ने भी इसका स्वागत किया।

इस घटना के समय दिल्ली पुलिस के प्रमुख रहे नीरज कुमार ने इस मामले को अपने 37 साल के करियर का ''सबसे अहम मामला'' करार दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय की जीत हुई है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सबसे महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ी है और हमें ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है जहां ध्यान महिला सशक्तिकरण, समानता और अवसर प्रदान करने पर हो। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के चारों दोषियों को फांसी दिए जाने पर कहा कि इससे अपराधियों को सख्त संदेश जाएगा कि वे कानून से भाग नहीं सकते । ईरानी ने कहा कि उन्होंने इतने साल में निर्भया की मां का संघर्ष देखा है। हालांकि न्याय पाने में समय लगा लेकिन आखिरकार न्याय हुआ। यह लोगों को भी संदेश है कि वे आप कानून से भाग सकते हैं लेकिन आप हमेशा के लिए इससे बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वह आज के दिन का दिल की गहराइयों से स्वागत करती हैं कि आखिरकार निर्भया को न्याय मिला। दोषियों को फांसी हर अपराधी को यह संदेश है कि एक न एक दिन कानून आपको पकड़ लेगा।केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने निर्भया मामले के दोषियों को फांसी दिये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह आत्मावलोकन का समय है कि क्या फांसी की सजा पाने वाले दोषियों को मामले को खींचने के लिए इस तरह प्रणाली को तोड़ने-मरोड़ने की अनुमति दी जा सकती है।

केजरीवाल ने संकल्प का दिन बताया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज का दिन यह संकल्प लेने का दिन है कि हम अब और कोई निर्भया कांड नहीं होने देंगे। केजरीवाल ने कहा कि सात साल बाद आज निर्भया के दोषियों को फांसी हुई।

# राष्ट्र के नाम संदेश के बाद बचाव व उपाय पर की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा
### » कोरोना को लेकर पूरे एक्शन में पीएम मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के तरीकों पर शुक्रवार को कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और स्वास्थ्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे, जो वीडियो लिंक के जरिये हुई। बैठक शाम चार बजे शुरू हुई और यह खबर लिखे जाने तक जारी थी। सरकार में मौजूद सूत्रों ने बताया कि 'कोविड-19' को फैलने से रोकने के तरीकों पर चर्चा करने के अलावा, राज्यों के क्षमता निर्माण और स्थानीय स्वास्थ अधिकारियों को प्रशिक्षण जैसे मुद्दे भी चर्चा के लिये उठे होंगे। वीडियो कांफ्रेंस में शरीक होने वालों में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, महाराष्ट्र के उद्धव ठाकरे, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ शामिल हैं।

प्रधानमंत्री वायरस को फैलने से रोकने के लिये जन भागीदारी और स्थानीय लोगों के शामिल होने की हिमायत कर रहे हैं। मोदी ने बृहस्पतिवार रात आठ बजे करीब आधे घंटे के राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कोरोना वायरस के चलते पैदा हुए संकट का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि यह जरूरी है कि प्रत्येक भारतीय सतर्क और सावधान रहे। मोदी ने रविवार को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक लोगों से 'जनता कर्फ्यू ' का भी आह्वान किया।

# देश में हर दिन बन रहे हैं डेढ़ करोड़ मास्क
» देश में सेनेटाइजर की भी कोई कमी नहीं: केंद्र



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि कोरोना संकट से निबटने के मामले में देश में मास्क, दस्तानों और सेनेटाइजर की कोई कमी नहीं है तथा भारत में प्रति दिन डेढ़ करोड़ मास्क बनाये जा रहे हैं।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही है। उन्होंने कहा कि आज कोरोना वायरस का प्रसार एक वैश्विक महामारी के रूप में उभरा है। भारत सरकार देश में इससे निबटने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है जिसकी कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में देश को जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि देश में तीन रास्तों से कोरोना वायरस का संक्रमण हो सकता है।

पहला जलमार्ग, दूसरा वायुमार्ग और तीसरा बांग्लादेश, नेपाल आदि पड़ोसी देशों से भूमार्ग के जरिये। उन्होंने कहा कि देश में इस संक्रमण को रोकने के लिए कड़े उपाय किए जा रहे हैं। विदेशों से जो भी आता है, उसे 14 दिन पृथक रखा जाता है। जल मार्ग में भी बंदरगाहों पर जहाज चालक दल के लोगों को पृथक रखा जा रहा है।मंडाविया ने कहा कि देश में दवा की कोई कमी नहीं हो, इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में मास्क बनाने वाली 100 से अधिक इकाइयां हैं। हमारी क्षमता प्रति दिन डेढ़ करोड़ मास्क बनाने की है। इनका उत्पादन शुरू हो चुका है और इनकी कोई कमी नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में मास्क, दस्तानों और सेनेटाइजर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश में कोई भी संकट खड़ा न हो, इसके लिए हम पहल कर रहे हैं।

सुखेंदु शेखर रॉय सत्र की शेष बैठकों में भाग नहीं लेंगे

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर रॉय ने कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए खुद ही पृथक रहने का फैसला किया है और इस वजह से वह उच्च सदन की शेष बैठकों में भाग नहीं लेंगे।